रजिस्टर सं० डी—(डी)—73

REGISTERED No. D—(D)—73

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 16] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 18, 1981 (चैत्र 28, 1903)

No. 16] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 18, 1981 (CHAITRA 28, 1903)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	325
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालयों को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	479
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	471
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्टें	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालयों को छोड़कर और केन्द्रीय प्राधिकरणों) (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए सामान्य सांविधिक नियम (जिन में सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खंड 3-क—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमे रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमे सामान्य स्वरूप की उप विधियां भी शामिल हैं (के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ) ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं	*
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	5159
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	187
भाग III—खंड 3—मुख्य-आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	31
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1015
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	67
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु आदि के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	325
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	479
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and non-Statutory Orders issued by theMinistry ofDefence	3
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	471
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of the Select Committees on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3-A.—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in section 3 or section 4 of the Gazette of India of General Statutory Rules and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	*
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	5159
PART III—SECTION 2.—Notification and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	187
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	31
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1015
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	67
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos not received

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions Issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1981

स० 28-प्रेस/81—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों की वीरता के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते है :—

1. श्री बी० के० श्रीधर राव (आई० आर० एल० ए०-2429),
सहायक कमांडेंट, सीमा सुरक्षा दल ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 18 मार्च 1978)

18 मार्च 1978 को श्री बी० के० श्रीधर राव नागालैंड में मैलूरी चौकी पर एक कंपनी की कमान कर रहे थे, तो इन्हें सूचना मिली कि कुख्यात विरोधियो का एक दल हमारे देश की सीमा पर एक घने जगल की ओर बढ़ता हुआ देखा गया है। इस बात को देखते हुए कि इस बारे में विस्तृत योजना बनाने का उनके पास समय नही है, इन्होंने अन्धेरे मे ही तत्काल कूच करने का निश्चय किया। अपने दस सिपाहियो दूसरी यूनिट से कुछ कार्मिकों को लेकर श्री राव उस स्थान की ओर चल पड़े जहां विरोधियों के होने की सभावना थी। इनका दल रात के अंधेरे में घने जगलों से होते हुए उस इलाके में पहुंचा। वहां सारी स्थिति देखकर इन्होंने अपनी पार्टी को दो टुकड़ियों मे बांट दिया ताकि विरोधियों पर अचानक हमला किया जा सके और उनके भाग निकलने के सब रास्ते भी बंद किए जा सकें। ये कुछ जवानों को लेकर दबे पाव विरोधियों के कैम्प में घुस गए और यह भी नहीं देखा कि वहां विरोधी कड़ी सख्या मे हो सकते हैं। ये फिर रेंगते हुए विरोधियों की झोंपड़ी की ओर बढ़े और दरवाजे पर चौकीदारी करते हुए विरोधी को दबोच लिया और उसकी राइफल छीन ली। तब तक उनकी टुकड़ी के अन्य सदस्य भी वहा पहुंच गए थे और सबने विरोधियो पर धावा बोल दिया। इस मुठभेड़ में एक विरोधी अपने साथी से राइफल छीनने की कोशिश करते हुए मारा गया था और शेष सभी इक्कीस विरोधी जो सीमा की ओर भाग जाने का प्रयास कर रहे थे जीवित पकड़ लिए गए और उनके हथियार गोला-बारूद दस्तावेज और अन्य सामान जब्त कर लिए गए।

इस कार्रवाई में श्री बी० के० श्रीधर राव ने उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता, नेतृत्व तथा साहस का परिचय दिया।

2. कैप्टन हर्ष कौल (आई० सी०-30858),
5, गोरखा राइफल्स (एफ० एफ०) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 16 जनवरी 1979)

4/5 जनवरी 1979 को विरोधियों के एक गिरोह ने असम तथा नागालैंड सीमा के पास एक गांव के निरीह निवासियों की निर्मम हत्या कर दी थी। इन विरोधियों को पकड़ने के लिए 15/16 जनवरी 1979 की रात में कैप्टन हर्ष कौल को उस स्थान पर छापा मारने का काम सौंपा गया जहां इनके छिपे होने की सम्भावना थी। इस काम के लिए बहुत कम समय दिए जाने के बावजूद इन्होंने बड़ी सावधानी से छापा मारने की योजना बनाई और उस गांव में पहुंचे जहां विरोधी छिपे हुए थे। इन्होंने इस आक्रमण में स्वयं पहल की और 34 विरोधियों को उनके ग्यारह हथियारों के साथ बंदी किया। कैप्टन कौल की इस कार्रवाई से वहां की जनता और सिविल प्रशासन के अधिकारियों का मनोबल बढ़ा और उनमें फिर से आत्म विश्वास की भावना पैदा करने में सहायता मिली।

इस कार्यवाई में कैप्टन हर्ष कौल ने उच्च कोटि का साहस, नेतृत्व और कार्य कुशलता का परिचय दिया।

3. जे० सी० 84782 नायब सूबेदार सवाई सिंह, (मरणोपरान्त)
राजपूताना राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 8 मार्च 1979)

नायब सूबेदार सवाई सिंह जम्मू और कश्मीर में बहुत ऊंचाई पर स्थित एक पल्टन चौकी की कमान कर रहे थे। वहां से लगभग दो किलो-मीटर की दूरी पर बहुत ही दुर्गम इलाके में एक शाखा चौकी थी जिसे इस पल्टन से पहले अलग कर दिया गया था।

2 से 7 मार्च 1979 के बीच भारी हिमपात के कारण शाखा चौकी और पल्टन चौकी के बीच रेडियो और टेलीफान सचार व्यवस्था भंग हो गई थी। संचार व्यवस्था चालू करने के लिए 8 मार्च 1979 को नायब सूबेदार सवाई सिंह अपने गश्ती दल के साथ गश्त पर निकले। रास्ते मे उन्होंने देखा कि पहाड़ की चोटी से एक हिमखंड खिसक रहा है। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए वे आगे बढ़े और वहां से अपने गश्ती दल के अन्य सदस्यों को उस खतरे के बारे में सावधान किया। इस तरह उन्होंने दो बहुमूल्य जाने बचाई। परन्तु इस बीच वे स्वयं हिमखंड की चपेट में आ गए और बाद मे उन्हे गहरी बर्फ के नीचे दबा हुआ मृत पाया गया।

इस प्रकार नायब सूबेदार सवाई सिंह ने सूझ-बूझ, पहलशक्ति और उच्चकोटि के साहस का परिचय दिया।

4 मेजर गुर इकबाल सिंह ढौंडी (आई० सी-16598 ए०)
आर्टिलरी एयर आब्जरवेशन पोस्ट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 18 जुलाई 1979)

18 जुलाई 1979 की मेजर गुर इकबाल सिंह ढौंडी को जापानी नुन कुन पर्वतारोही दल के गंभीर रूप से बीमार अचेत सदस्य को बर्फ से आच्छादित एक दुर्गम क्षेत्र से निकाल लाने का काम सौंपा गया। उस क्षेत्र मे बर्फानी तूफान प्राय: आते रहते थे और ऐसे इलाके में उड़ान भरना खतरे से खाली नहीं था। लेकिन मेजर गुर इकबाल सिंह ढौंडी इससे घबराए नही। इन्होंने हैलिकाप्टर में उड़ान भरी और एक जगह ग्लेशियर के ऊपर एक ओलडर पर पड़े उस बीमार सदस्य को खोज निकाला। उस समय ये 6,750 मीटर की ऊंचाई पर उड़ रहे थे। ऐसे खतरनाक इलाके में और बहुत खराब मौसम में हैलिकाप्टर का वहां उतारना बड़े जोखिम का काम था और इसे एक कुशल पाइलट ही कर सकता था।

जब इन्होंने पहली बार उतरने की कोशिश की तो देखा कि बादल तेजी से नीचे की ओर आ रहे हैं और उस से नीचे कुछ भी दिखाई नही दे रहा है। ऐसी स्थिति मे हैलिकाप्टर नीचे उतारना सभव नही था। बाद मे इन्होंने देखा कि उतरना बहुत ही खतरनाक था क्योंकि वहां बड़े-बड़े हिमखंड थे और हैलिकाप्टर खड़ा करना असभव था। उसके बाद इन्होंने दूसरी बार कोशिश की। आक्सीजन और खाद्य-सामग्री नीचे

गिराई जो पर्वतारोही दल की जीवन रक्षा के लिए बहुत जरूरी थी। साथ ही विमान को और हल्का करने के लिए दल के नेता को भी आधार शिविर में उतारने का फैसला किया। विमान उतारने की तैयारी करने में समय बीत रहा था और ईंधन और आक्सीजन भी खर्च होता जा रहा था और उधर दिन काफी ढल जाने के कारण प्रकाश भी कम होता जा रहा था। इससे मेजर ढौंडी को बहुत चिन्ता हो रही थी। इसलिए इन्होंने विमान उतारने का दृढ़ निश्चय कर लिया और फिर बड़े-बड़े पत्थरों और हिम दरारों के बीच एक छोटी सी जगह पर उसे उतारा और रात पड़ने से पहले रोगी को वहां से निकाल लाए।

इस कार्रवाई में मेजर गुर इकाबल सिंह ढौंडी ने साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

5. जी०-59574 एम० टी० ड्राइवर कुप्पास्वामी रामास्वामी,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 20 जुलाई 1979)

20 जुलाई 1979 को एक परिवहन प्लाटून के (जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स) एम० टी० ड्राइवर कुप्पास्वामी रामास्वामी को कुछ विस्फोटक और अन्य सहायक सामान 428 रोड मेंटनेन्स प्लाटून सैक्टर तक पहुंचाने का काम सौंपा गया था। वहां विस्फोट और सड़क साफ करने के लिए इस सामान की तुरन्त जरूरत थी। गाड़ी जब एक ढलवीं जगह पर पहुंची तो पहाड़ी की ओर से बड़े-बड़े पत्थर लुढ़कते हुए आए और गाड़ी के अगले भाग से टकरा गए जिससे गाड़ी अचानक झटका खाकर रुक गई। स्थिति की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए इन्होंने धैर्य से काम लिया और ऊपर भारी पत्थरों के गिरते रहने से भयभीत हुए बिना अपनी सीट पर बैठे रहे। फिर बड़ी निपुणता से गाड़ी चलाकर उसे वहां से हटा ले गए। इस तरह इन्होंने केवल मूल्यवान सरकारी सामान को ही नष्ट होने से नहीं बचाया बल्कि गाड़ी में यात्रा कर रहे कार्मिकों के बहुमूल्य जीवन की भी रक्षा की।

इस कार्रवाई में एम० टी० ड्राइवर कुप्पास्वामी रामास्वामी ने साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

6. जी-124057 पाइनियर प्रेम सिंह,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 30 जुलाई 1979)

अरुणाचल प्रदेश में जुलाई 1979 के पहले सप्ताह में हुई भारी वर्षा और तेज बाढ़ के कारण चारखुआर तवांग सड़क का तीन किलोमीटर भाग कई स्थानों पर टूट कर बह गया था। सड़क फिर से चालू करने के लिए नए सिरे से कटाई करनी जरूरी थी। डोजर के नियमित चालक की गैर हाजिरी में पाइनियर प्रेम सिंह ने यह काम संभाल लिया। कटाई के लिए बार-बार विस्फोट और खुदाई की जा रही थी और उधर लगातार वर्षा हो रही थी। इन सब कारणों से ऊपर से चट्टानें बड़े-बड़े पत्थर और मलबा गिरता जा रहा था और वहां डोजर चलना खतरे से खाली नहीं था। इन खतरों की परवाह न करते हुए पाइनियर प्रेम सिंह अपने काम पर डटे रहे। एक के बाद एक टुकड़ा साफ करते रहे और एकपक्षवाड़े से भी कम समय में सड़क फिर चालू कर दी गई।

इस कार्रवाई में पाइनियर प्रेम सिंह ने साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

7. विंग कमांडर-रणवीर सिंह चौहान (8136)
फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 1 अगस्त, 1979)

विंग कमांडर रणबीर सिंह चौहान ने एम० आई-8 हैलीकाप्टर के साथ विभिन्न प्रकार के सेना के उपस्करों को नीचे लटका कर ले जाने के अधिकतर परीक्षण सफलता पूर्वक पूरे कर लिए थे। 1 अगस्त 1979 को जब ये 2 टन वजन के पुल निर्माण उपस्कर उठाकर दूसरे स्थान पर ले जा रहे थे तो भार उठाने वाली चार, रस्सियों में से एक टूट गई। जिससे हैलीकाप्टर बेकाबू हो गया और डावांडोल होकर चक्कर काटने लगा।

जब हैलीकाप्टर को काबू में लाने का और कोई तरीका नहीं दिखाई दिया तो विंग कमांडर चौहान ने भार को नीचे फैंक देने का फैसला किया। लेकिन इन्होंने देखा कि उस समय विमान आबादी वाले इलाके के ऊपर उड़ रहा है और वहां इतना भारी सामान गिराने से लोगों की जानें जा सकती हैं। इसलिए कोशिश करके विमान को आबादी वाले इलाके से दूर ले आए परन्तु भार को नीचे नहीं फैंक सके क्योंकि ज्यादा खिचाव के कारण विद्युत नियंत्रण की तार टूट गई थी और तब तक विमान काबू से बाहर हो गया था। फिर भी विंग कमांडर चौहान विचलित नहीं हुए और जैसे ही भार जमीन पर लगा इन्होंने हैलीकाप्टर को जमीन पर उतार दिया जिससे विमान की और नुकसान नहीं हो पाया और उसके कार्मिकों को भी कोई चोट नहीं आई।

इस कार्रवाई में विंग कमांडर रणबीर सिंह चौहान ने साहस, सूझ-बूझ और उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

8. जी-10097 एम० टी० ड्राइवर मोदी लाल सिंह,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 4 सितम्बर, 1979)

4 सितम्बर, 1979 को प्रातः लगभग 9.15 बजे सड़क निर्माण कम्पनी (जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स) के कमांडिंग अफसर एक प्रशासनिक पर्यवेक्षक के साथ मिजोरम में ऐजल-लुंगलेह सड़क पर सड़क निर्माण कार्य और कैम्पों का निरीक्षण करने के लिए जोगा में सरचिप के लिए रवाना हुए। रास्ते में विरोधियों ने जोगा पर निकट से ही गोली बारी शुरू कर दी। ड्राइवर मोदी लाल सिंह ने यह सोचकर कि सुरक्षा की दृष्टि से इस क्षेत्र से हट जाना ठीक होगा, गाड़ी चलाते रहने का निश्चय किया। विरोधियों की लगातार गोलीबारी से गाड़ी की विंडस्क्रीन चकनाचूर हो गई थी और गाड़ी के पीछे का बांया पहिया भी पंचर हो गया था। लेकिन इससे ये विचलित नहीं हुए और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना गाड़ी की कुशलता के साथ चलाते रहे और शीघ्र ही विरोधियों की गोलाबारी रेंज से बाहर निकलने में सफल हो गए। इस तरह इन्होंने तीन व्यक्तियों की प्राण रक्षा की।

इस कार्रवाई में एम० टी० ड्राइवर मोदी लाल सिंह ने साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

9. 13854348 सिपाही प्रणय कुमार बाला
सेना सेवा कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 6 सितम्बर, 1979)

सिपाही प्रणय कुमार बाला 6 सितम्बर, 1979 को रेल के एक सैनिक डिब्बे में यात्रा कर रहे थे। ये इस डिब्बे में सिलचर रेलवे स्टेशन से सवार हुए थे। सायं 7 30 बजे के लगभग जब रेल एक स्टेशन पर पहुंची तो पत्थर बरसाती एक भीड़ ने बड़ी तेजी से उस सैनिक डिब्बे पर धावा बोल दिया। खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए, कई सैनिक कार्मिकों को घायल कर दिया, उनका सामान लूट लिया और दो सैनिकों को खींचकर डिब्बे से बाहर निकाल दिया। इसे देखकर सिपाही बाला डिब्बे से बाहर आए और पास में राइफल लिए हुए 3 सशस्त्र पुलिस कर्मचारियों को मदद के लिए बुलाया लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। इन्होंने भीड़ को समझा बुझाकर शांत रहने और वहां से हटने का अनुरोध किया लेकिन भीड़ पर इसका कोई असर नहीं पड़ा।

बाद में जब इन्होंने देखा कि कुछ शरारती तत्व उनके डिब्बे को आग लगाने की कोशिश कर रहे हैं तो इन्होंने झपटकर पुलिस के एक सिपाही से राइफल और गोला बारूद छीना और हवा में गोली चला दी। इससे शरारती तत्व घबरा गए और भीड़ तितर-बितर हो गई। हालांकि हाथापाई में सिपाही बाला के माथे में भी कुछ घाव हो गए थे लेकिन ये रात भर और सुबह मदद पहुंचने तक डिब्बे के बाहर पहरा देते रहे।

इस कार्रवाई में सिपाही प्रणय कुमार बाला ने उच्च कोटि की पहल शक्ति, कार्य कुशलता और साहस का परिचय दिया ।

10 जी०-123917 पाइनियर चिन्ना राजू,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 4 अक्तूबर, 1979)

दुनली क्षेत्र में 2 से 4 अक्तूबर, 1979 के दौरान हुई भारी वर्षा के कारण चिल्लू नाले में अभूतपूर्व बाढ़ आ गई थी । नाले के उस ओर पहाड़ काट कर सड़क बनाने के काम में लगे एक डोज़र के नीचे से भूमि कटाव के कारण उसके बह जाने का खतरा पैदा हो गया था । पाइनियर चिन्ना राजू का डोज़र चलाना आता था इसलिए इन्हें उसे चलाने का काम सौंपा गया था । 4 अक्तूबर, 1979 को इन्होंने यह निश्चय किया कि वे उस डोज़र को चिल्लू नाले के पार सुरक्षित स्थान पर ले जाएंगे । नाले में पानी का बहाव बहुत तेज़ था और ऐसी हालत में डोज़र नाले से पार ले जाना खतरे से खाली नहीं था । पर, उस खतरे की परवाह किए बिना ये डोज़र को नाले के पार ले जाने में सफल हो गए और डोज़र बचा लिया । लेकिन जैसे ही डोज़र वहां से हटाया तो सड़क का वह भाग, जहां डोज़र खड़ा किया था, पानी में बह गया और पाइनियर चिन्ना राजू को दो दिन तक वहां असहाय अवस्था में रुकना पड़ा ।

इस कार्रवाई में पाइनियर चिन्ना राजू ने साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

11 जे० सी० 794386 नायब सूबेदार बचन सिंह,
गढ़वाल राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि . 5 अक्तूबर, 1979)

5 अक्तूबर, 1979, को 20 अन्य सिपाहियों के साथ नायब सूबेदार बचन सिंह को दक्षिण मिज़ोरम के परवा सेक्टर में उस स्थान पर छापा मारने के लिए भेजा गया था जहां विरोधियों के छिपे होने की आशंका थी । घने जंगल और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों का पार करता हुआ इनका दल इन झोंपड़ियों के पास पहुंचा जहां विरोधी छिपे हुए थे । इन्होंने दल इनकी दो टुकड़ियों में बांट दिया । एक टुकड़ी का खुद नेतृत्व करते हुए इन्होंने विरोधियों पर अचानक छापा मार कर उन्हें जीवित पकड़ने की योजना बनाई और सिपाहियों को आदेश दिया कि वे गोली चलाकर विरोधियों को चौकन्ना न करें । फिर दोनों टुकड़ियों ने विरोधियों पर आक्रमण कर दिया जिससे वे घबरा गए और उनमें से कुछ ने भागने की कोशिश की । इस पर इन्होंने अपने तीन सिपाहियों को भागने वाले विरोधियों का पीछा करने को कहा और टुकड़ी के शेष लोग दूसरी झोंपड़ी में गोली चलाते रहे । अन्य सिपाही विरोधियों पर जवाबी हमला करते रहे । इस मुठभेड़ में दो विरोधी मारे गए और तीन राइफलें और गोला बारूद समेत एक को जिन्दा पकड़ लिया गया । इस तरह इन्होंने अपने मिशन में सफलता प्राप्त की ।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार बचन सिंह ने उच्च कोटि के नेतृत्व और साहस का परिचय दिया ।

12 4042501 लांस हवलदार दयाल सिंह,
गढ़वाल राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 अक्तूबर, 1979)

लांस हवलदार दयाल सिंह दक्षिण मिज़ोरम के परवा सैक्टर में विरोधियों के एक ठिकाने पर छापा मारने के लिए भेजी गई टुकड़ी के सैक्शन इन कमान थे । 4 अक्तूबर 1979 को लांस हवलदार दयाल सिंह और इनकी टुकड़ी के पांच अन्य सिपाहियों को एक ऐसी झोंपड़ी पर छापा मारने का आदेश दिया गया, जिसमें हथियारों से लैस दो विरोधियों के छिपे होने का संदेह था । आधी रात के करीब जब ये झोंपड़ी से लगभग 70 मीटर की दूरी पर पहुंचे तो विरोधियों ने इन पर गोलियों की बौछार कर दी । गोलियों की परवाह किए बिना लांस हवलदार दयाल सिंह आगे बढ़े और अपने साथियों को विरोधियों के ठिकाने पर धावा करने का आदेश दिया । इस मुठभेड़ में कन्धे पर गोली लगने के बावजूद इन्होंने विरोधियों पर धावा जारी रखा । हालांकि इनके घाव से खून बह रहा था, फिर भी ये एक भागते हुए विरोधी पर झपट पड़े और हथियार सहित उसे जिन्दा पकड़ लिया । इस मुठभेड़ में इनके एक साथी को भी गहरी चोट आ गई थी और वह अचेत हो गया था । लांस हवलदार दयाल सिंह ने अपना इलाज करवाने से पहले अपने साथी का इलाज करवाने की व्यवस्था की । वापस आते हुए गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद इन्होंने स्ट्रेचर पर आने से मना कर दिया ।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार दयाल सिंह ने उच्च कोटि का साहस दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

13. फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट चन्द्रशेखर जयवन्त (13587),
फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 12 अक्तूबर, 1979)

12 अक्तूबर, 1979 को फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट चन्द्रशेखर जयवन्त एक अजीत विमान को हिन्डन से श्रीनगर ले जा रहे थे । जब ये हवाई अड्डे से कुछ दूर 1400 मीटर की ऊंचाई पर उड़ रहे थे तो अचानक विमान का इंजन बन्द हो गया लेकिन फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट जयवन्त घबराए नहीं । इन्होंने बड़ी कुशलता से सारी स्थिति का जायज़ा लिया । इंजन को चालू करने की दो बार कोशिश की लेकिन दोनों कोशिशें नाकाम रहीं । इन्होंने यह समझ लिया कि विमान की ऊंचाई कम होने के कारण हवाई पट्टी पर कम गति से उतरना संभव नहीं है । इसलिए इन्होंने ट्रैफिक कन्ट्रोल के निर्देशों के विरुद्ध विमान को हवाई पट्टी पर उतारने का फैसला किया और ट्रैफिक कन्ट्रोल को सूचित किया कि वे इसके लिए हवाई पट्टी खुली रखें । फिर इन्होंने विमान को कोई हानि पहुंचाए बिना पहली बार बन्द इंजन वाले अजीत विमान को सफलता पूर्वक नीचे उतार दिया ।

इस प्रकार फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट चन्द्रशेखर जयवन्त ने साहस, सूझबूझ तथा उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया ।

14. कैप्टन रघुविन्दर कपूर (आई० सी०-30176)
1, गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 4 दिसम्बर, 1979)

इम्फाल और उसकी घाटी में उग्रवादियों का एक गिरोह बड़ा आतंक फैलाए हुए था जो नवम्बर, 1979 के दौरान मणिपुर के शहरी क्षेत्रों में कई तरह की देशद्रोही हरकतें कर चुका था । कैप्टन रघुविन्दर कपूर को इन उग्रवादियों को पकड़ने का काम सौंपा गया ।

जब कैप्टन कपूर को यह सूचना मिली कि उक्त गिरोह 4 दिसम्बर, 1979 को गांव के एक कुख्यात अपराधी के घर में आने वाला है तो कैप्टन कपूर ने उसके घर छापा मारा और दो नौजवानों को पकड़ लिया । इन दोनों से मिली सूचना के आधार पर इनौचा सिंह नाम उग्रवादी को दूसरे गांव से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

दिसम्बर, 1979 और जनवरी, 1980 के दौरान मणिपुर विधान सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष और भूतपूर्व वित्त मंत्री पर कातिलाना हमला होने तथा उग्रवादियों द्वारा एक प्रसिद्ध नेता को उसी के घर पर मार डालने के कारण वहां स्थिति बिगड़ती जा रही थी । इस समस्या से निपटने के लिए कैप्टन रघुविन्दर कपूर ने सिविल प्रशासन के साथ निकट सम्बन्ध सहयोग और सम्पर्क स्थापित करके ऐसी व्यवस्था कायम कर दी जिससे उग्रवादियों की हर गतिविधि का पता चलता रहे । इन स्रोतों से प्राप्त सूचना के आधार पर इन्होंने कई ऐसे निर्मम हत्यारे उग्रवादियों को गिरफ्तार किया जिनके खिलाफ हत्या, लूटपाट और आगजनी के मामले दर्ज थे और जिनके कारण वहां की जनता भयभीत हो गई थी । कुछ हथियार, गोला-बारूद और महत्वपूर्ण दस्तावेज़ भी जब्त किए गए ।

इस कार्रवाई में कैप्टन रघुविन्दर कपूर ने उच्च कोटि के दृढ़ निश्चय, नेतृत्व और साहस का परिचय दिया ।

15. फ्लाइंग अफसर प्रमोद कुमार जैन (15017),
फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 4 दिसम्बर, 1979)

4 दिसम्बर, 1979 को फ्लाइंग अफसर प्रमोद कुमार जैन हवाई युद्ध प्रशिक्षण उड़ान भर रहे थे। ये अभी बेस से लगभग 80 किलोमीटर दूर ही गए थे कि इनके विमान के जेनरेटर ने काम करना बंद कर दिया। इसके बाद बिजली बिल्कुल बन्द हो गई जिससे ये कम्पास और रेडियो टेलीफोन का उपयोग न कर सकें। उस समय स्थिति और भी भयंकर हो गई जब बैटरी और बिजली में लगी आग से काकपिट विषैली गैस और घने धुएं से भर गया। इससे इन्हें न केवल देखने में कठिनाई होने लगी बल्कि उनकी बैचेनी भी बढ़ गई। किसी प्रशिक्षणाधीन युवा पायलट के लिए यह एक गंभीर स्थिति थी। परन्तु फ्लाइंग अफसर जैन ने अपना धैर्य नहीं खोया और ऐसी स्थिति में जिस प्रकार कार्य करना चाहिए उसके अनुसार काम करते हुए अपने बेस की ओर चल पड़े। यह उनकी व्यावसायिक कुशलता का परिणाम था कि टेल पैराशूट और ब्रेकिंग सिस्टम सहित हर प्रकार की मशीनी सहायता न मिलने पर भी इन्होंने विमान को और किसी प्रकार की क्षति पहुंचाए बिना नीचे उतार लिया।

इस प्रकार फ्लाइंग अफसर प्रमोद कुमार जैन ने साहस, सूझबूझ और उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

16. फ्लाइंग अफसर राहुल धर (14561),
फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि . 10 जनवरी, 1980)

10 जनवरी, 1980 को फ्लाइंग अफसर राहुल धर एक जेट विमान उड़ा रहे थे। इन्हें अचानक एहसास हुआ कि इनके विमान के इंजन ने काम करना बन्द कर दिया है। इन्होंने इंजन को चालू करने की तीन बार कोशिश की पर सफल नहीं हुए और विमान नीचे होता गया। इस संकटमय स्थिति में भी इन्होंने हिम्मत से काम लिया और विमान से कूदने की बजाए उसे सुरक्षित नीचे उतारने का निश्चय किया। जब तक ये अधिक समय लेने वाली संकटकालीन प्रणाली से अण्डरकैरिज को नीचे कर सके क्योंकि उसका हाइड्रोलिक कंट्रोल अचानक बंद हो गया था, तब तक इन्होंने देखा कि उनका विमान बहुत ऊंचाई और सामान्य से 70 नॉट अधिक की तेज गति से हवाई पट्टी की ओर जा रहा है। यह जानते हुए कि इस प्रकार तेज गति से उतरने के कितने भयंकर परिणाम हो सकते हैं इन्होंने विमान के 'फ्लोट' को नियंत्रण में रखा और इतनी तेज रफ्तार में ही हवाई पट्टी के मध्य में विमान को उतार दिया। यहां भी इन्हें समान रूप से भयंकर स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि हवाई पट्टी पर जिस गति से विमान दौड़ रहा था उससे लगता था कि वह जल्दी हवाई पट्टी से बाहर चला जाएगा और तेज ब्रेक लगाकर विमान को रोकने में भी भयंकर खतरा था। अतः इन्होंने अपनी व्यावसायिक कुशलता का पूरा उपयोग किया और हवाई पट्टी के अंतिम छोर पर विमान को सुरक्षित रोक दिया।

इस कार्रवाई में फ्लाईंग अफसर राहुल धर ने साहस, सूझ बूझ और उच्च कोटि का व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

17. 260583 सार्जेंट शेर सिंह कादिअन,
रडार फिटर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 11 फरवरी, 1980)

11 फरवरी, 1980 की शाम को करीब 7.45 बजे सिगनल यूनिट के टावर "ए" में आग लग गई। उसमें बहुत ही आधुनिक और कीमती इलैक्ट्रानिकी उपस्कर रखे हुए थे कुछ ही क्षणों में टावर का डैक गहरे धुएं और जहरीली गैस से भर गया। गर्मी के कारण डैक में घुसना लगभग असंभव हो गया था तथा अत्यधिक धुएं की वजह से यह मालूम करना भी कठिन था कि आग कहां से शुरू हुई है।

सार्जेंट शेर सिंह कादिअन उस समय ड्यूटी पर नहीं थे लेकिन आग के खतरे की घंटी सुनते ही ये तुरंत टावर के पास पहुंच गए। आग की गर्मी और धुएं की परवाह किए बिना ये एक फायर हौज लेकर डैक में घुसे और वहां देखा कि नट-बोल्टों से कसी हुई एक बंद केबिनेट में आग लगी हुई है। यह जानकर कि आग के स्रोत तक वाटर जैट को ले जाना संभव नहीं है, ये भाग कर नीचे गए और नट खोलने के लिए पेचकस लेकर आए। केबिनेट को खोलने समय धुएं और जहरीली गैस से इनका दम घुट रहा था, फिर भी अन्ततः इन्होंने आग पर काबू पा ही लिया।

इस कार्रवाई में सार्जेंट शेर सिंह कादिअन ने साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

18. जी-7844 चार्जमैन करनैल सिंह,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि . 18 फरवरी, 1980)

18 फरवरी, 1980 को खेत-सौंजी क्षेत्र में पहाड़ काट कर सड़क निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी को हटाते समय एक डोजर 63 मीटर नीचे नाले में गिर गया था और वहां औंधा पड़ा हुआ था। उस जगह पर आसानी से नहीं पहुंचा जा सकता था क्योंकि डोजर के दोनों तरफ सीधी सपाट पहाड़ी थी। चार्जमैन करनैल सिंह को डोजर निकाल लाने का काम सौंपा गया। अपने जीवन की परवाह न करते हुए खराब मौसम तथा जोखिमपूर्ण सीधी ढलान के बावजूद, चार्जमैन करनैल सिंह ने अपने सिपाहियों को संगठित किया और आवश्यक सामान लेकर डोजर निकालने के लिए चल दिए। पहाड़ी ढलान पर दलदली मिट्टी में पड़ा डोजर धीरे-धीरे नीचे की ओर खिसकता जा रहा था। वहां पहुंचकर चार्जमैन करनैल सिंह और इनके साथी तीन दिन तक कठिन परिश्रम करते रहे और अन्ततः डोजर को घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर सुरक्षित और समतल जमीन पर ले जाने में सफल हो गए।

इस कार्रवाई में चार्जमैन करनैल सिंह ने साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

19. 5443541 लांस नायक गिरि बहादुर धरती,
5 गोरखा राइफल्स (एफ० एफ०)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि, 2 मार्च, 1980)

1 मार्च, 1980 को जम्मू और कश्मीर नियंत्रण रेखा के उस पार के सैन्य दलों ने अकारण ही हमारी एक चौकी पर स्वचालित शस्त्रों से गोलाबारी शुरू कर दी। हमारी चौकी के चारों तरफ आग लगाने के लिए ट्रेसर गोलियां छोड़ी और जब हमारा सैन्यदल उस आग को बुझाने के लिए बाहर निकला तो उन पर भी गोली चलानी शुरू कर दी। चौकी के आस-पास की झाड़ियां जल कर राख हो गईं और वहां के दो बंकरों में असहनीय गर्मी और घना धुआं भर गया। झाड़ियों की आग बुझाने के लिए सबसे अधिक जरूरी यह था कि नियंत्रण रेखा के उस पार से हो रही गोली बारी को रोका जाए।

एक बंकर में बैठे लांस नायक गिरि बहादुर धरती को जवाबी कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। असहनीय गर्मी और चारों ओर घने धुएं के कारण ठीक न देखने के बावजूद इन्होंने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी और नियंत्रण रेखा के उस पार से हो रही गोली बारी का मुंह बंद करा दिया।

इस कार्रवाई में लांस नायक गिरि बहादुर धरती ने असाधारण साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

20. जी-22119 मेट केदार सिंह, (मरणोपरान्त)
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 20 मार्च, 1980)

20 मार्च, 1980 को सांय सवा छः बजे मिजोरम में सरचिप थिंगजवाल सड़क पर सड़क-निर्माण कैंप के कार्मिक हाजिरी लगाने के लिए इकट्ठे हो रहे थे, तो स्वचालित हथियारों से लैस विरोधियों की एक टुकड़ी ने इन पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी और बाद में कैंप में आग लगा दी। मेट केदार सिंह ने अपने जीवन की परवाह किए बिना

आगे बढ़ कर विरोधियों को ललकारा। कैंप के अन्य कार्मिकों को उनसे निबटने के लिए कह कर अकेले ही आग बुझाने में लग गए ताकि आग से जान-माल का नुकसान होने से बचाया जा सके। इसी बीच विरोधियों की एक गोली उन्हें लगी और घटनास्थल पर ही निधन हो गया।

इस कार्रवाई में मेट केदार सिंह ने साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

21. जी-63028 एम० टी० ड्राइवर राम सिंह,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 24 मार्च, 1980)

फार्मेशन कटिंग प्लाटून (जी० आर० ई० एफ०) का एम० टी० ड्राइवर राम सिंह 24 मार्च, 1980 को मिजोरम में सिलचर से खैरलियान तक पुल निर्माण का सामान ले जा रहा था। लगभग 12.10 बजे अपराह्न इनकी गाड़ी सिलचर-ऐजल रोड़ पर 102 वें किलोमीटर पर पहुंची ही थी कि विरोधियों ने स्वचालित हथियारों से इसकी गाड़ी पर गोलाबारी शुरू कर दी। ड्राइवर राम सिंह की टांग में एक गोली लगी और दो गोलियां उनके पुट्ठे से निचले भाग में लगी जिनसे उनके पेट में गंभीर चोट आई। अत्यधिक रक्त-स्राव के बावजूद इन्होंने हिम्मत नहीं हारी और गाड़ी का अगला पहिया पंचर हो जाने के बावजूद ये उसे विरोधियों की गोलियों की मार से बचा ले गए।

इस कार्यवाई में एम० टी० ड्राईवर राम सिंह ने अनुकरणीय साहस, निर्भीकता, दृढ़ता और उच्च कोटि के व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

22. 2465984 सिपाही रणजोध सिंह,
पंजाब

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 23 अप्रैल, 1980)

23 अप्रैल, 1980 को सीमा सुरक्षा कार्य दल की एक गाड़ी जब अरुणाचल प्रदेश में उफनते हुए नाले को पार कर रही थी तो धारा के मध्य में पहुंचने पर इंजन में पानी भर गया और गाड़ी वहीं रुक गई। इसमें बैठे ड्राइवर और सहायक इंजीनियर जो मजदूरों को वेतन का भुगतान करने जा रहे थे, गाड़ी की छत पर चढ़ गए और सहायता की पुकार करने लगे। यद्यपि बस से आए अनेक यात्री भी नाले के किनारे पर थे लेकिन सिपाही रणजोध सिंह ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जो सहायता के लिए आगे बढ़े।

सिपाही रणजोध सिंह ने तेज धारा के बीच गाड़ी तक 7 मीटर के फासले को पार करने का प्रयत्न किया लेकिन गर्दन तक गहरे पानी तक जाने के बाद वे और आगे नहीं बढ़ सके। फिर ये एक चट्टान के सहारे खड़े हुए और सहायक इंजीनियर को अपना ब्रीफकेस फेंकने के लिए कहा और ब्रीफकेस को हिफाजत से किनारे पर रखा दिया। इसके बाद इन्होंने अपनी पैंट से अपनी पगड़ी को बांधा और इसके एक छोर को सहायक इंजीनियर की ओर फेंका। सहायक इंजीनियर पगड़ी पकड़ कर पानी में कूद आए लेकिन पानी की तेज धारा इन दोनों को ही बहा कर ले गई। सौभाग्य से इनकी पगड़ी एक बड़े पत्थर पर अटक गई और ये तैर कर सहायक इंजीनियर की ओर गए और उन्हें बचा लिया। इस बीच गाड़ी का ड्राइवर अपने आप तैरकर नाले के पार आ गया।

इस कार्यवाई में सिपाही रणजोध सिंह ने उच्च कोटि की पहलशक्ति, दृढ़ता और साहस का परिचय दिया।

23. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सुमित मुखर्जी (12925),
फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 8 मई, 1980)

8 मई, 1980 को फ्लाइट लेफ्टिनेंट सुमित मुखर्जी प्रशिक्षण उड़ान भर रहे थे। लगभग 4900 मीटर की ऊंचाई पर उड़ते हुए इन्होंने महसूस किया कि विमान के अगले बियरिंग ने काम करना बन्द कर दिया है और इसके बाद इंजन भी जाम हो गया। तब तक नियंत्रण प्रणाली में इस बात के कोई खास संकेत नहीं आ रहे थे कि विमान किस गति से नीचे आ रहा है। और विमान के अंडरकैरिज और फ्लैपों के उपयोग से संबंधित नियंत्रण प्रणाली किस प्रकार काम कर रही है। अपने जीवन की परवाह न करते हुए इन्होंने अपनी व्यावसायिक कुशलता के बल पर विमान के नीचे उतरने की अंडरकैरिज को खोले और बिना खोले विभिन्न गतियों के बारे में फ्लाइंग कंट्रोल को सूचित किया। विमान के नीचे की ओर आने की गति बहुत तेज होने पर भी अपनी उड़ान कुशलता से ये मूल्यवान विमान को सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रहे। विमान का इंजन किन परिस्थितियों में जाम हो जाता है इस बारे में इन्होंने बहुमूल्य सूचना इकट्ठी करने में सहायता की।

इस कार्रवाई में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सुमित मुखर्जी ने साहस, सूझ-बूझ और उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

24. 2179 ग्राम रक्षक तंघियु खेमनुंगन,
केन्जोंग ग्राम चौकी,
जिला तुएनसांग, नागालैंड

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 13 मई, 1980)

13 मई, 1980 को दिन के लगभग 12.30 बजे, जब केन्जोंग ग्राम के अधिकांश ग्रामवासी अपने-अपने खेतों में काम करने गए हुए थे और केवल 5 ग्राम रक्षक ही वहां थे, तो स्वचालित हथियारों से लैस लगभग 300 भूमिगत विरोधियों ने लगभग 100 कुलियों के साथ गांव में प्रवेश किया। ग्राम रक्षक तंघियु खेमनुंगन ने अपनी जान की परवाह न करते हुए विरोधियों पर गोली चलाई। इस मुठभेड़ में तंघियु खेमनुंगन विरोधियों की गोली से घायल हो गए और पकड़ लिए गए।

इस कार्यवाई में ग्राम रक्षक तंघियु खेमनुंगन ने साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

25. 2163 ग्राम रक्षक त्सांगसोई खेमनुंगन,
केन्जोंग ग्राम चौकी,
जिला तुएनसांग, नागालैंड

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 13 मई, 1980)

13 मई, 1980 को दिन के लगभग 12.30 बजे, जब लगभग सभी ग्रामवासी अपने-अपने खेतों में जा चुके थे और केन्जोंग ग्राम में 5 ग्राम रक्षक ही रह गए थे, तब स्वचालित हथियारों से लैस लगभग 300 भूमिगत विरोधियों ने लगभग 100 कुलियों के साथ केन्जोंग ग्राम में प्रवेश किया। ग्राम रक्षक त्सांगसोई खेमनुंगन ने अपनी जान की परवाह न करते हुए विरोधियों पर गोली चलाई और कुछ विरोधियों को घायल कर दिया, लेकिन इतने अधिक विरोधियों के साथ हुई मुठभेड़ में इन्हें काबू में कर लिया गया।

इस कार्रवाई में ग्राम रक्षक त्सांगसोई खेमनुंगन ने साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

26. मेजर विजय सिंह (आई० सी०-26079),
जम्मू और कश्मीर राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 16 मई, 1980)

15 मई, 1980 को विरोधियों की गतिविधियों को रोकने के लिए इम्फाल में एक इन्फैन्ट्री बटालियन तैनात की गई।

16 मई, 1980 को इस इलाके में टोह लेने के लिए मेजर विजय सिंह के नेतृत्व में एक गश्ती दल भेजा गया। रास्ते में आ रही जीप में बैठे कुछ व्यक्तियों ने जब इन पर गोली चलाई तो मेजर विजय सिंह ने जवाबी गोली चलाई और जीप में सामने की सीट पर बैठकर गोली चला रहे व्यक्ति को मार दिया। इसके साथ ही ये अपनी गाड़ी से उतरे और अपने साथियों को मोर्चा बांधने के लिए कहा। इसके बाद की मुठभेड़ में तीनों विरोधी घटनास्थल पर ही मारे गए। उनकी जीप तथा हथियार और गोला बारूद कब्जे में ले लिए गए। बाद में शिनाख्त होने पर पता चला कि मृत विरोधियों में से एक व्यक्ति उस इलाके का नामी बदमाश था और लूटमार के कई मामलों में उसकी तलाश थी।

इस कार्यवाई में मेजर विजय सिंह ने अनुकरणीय सूझ-बूझ, दृढ़ता और उच्च कोटि के साहस का परिचय दिया ।

27 5745111 राइफलमैन कृष्ण बहादुर राणा,
8 गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 18 मई, 1980)

राइफलमैन कृष्ण बहादुर राणा सिक्किम में ऊंची चोटी पर स्थित एक सामरिक महत्व के स्थान पर तैनात थे । 18 मई, 1980 को इन्हें एक एन० सी० ओ० के साथ सैनिक सामान लाने के लिए एक चौकी पर भेजा गया । कोहरे में जब दिखाई भी बहुत कम दे रहा था, ये लोग दुर्गम स्थानों को पार करते हुए चौकी पर पहुंचे, वहां से सामान लिया और वापस चल पड़े । परन्तु रास्ते में इनके आगे चल रहे एन० सी० ओ० अंजाने में सुरंग बिछे इलाके में जा पहुंचे । सुरंग में पैर पड़ते ही विस्फोट हुआ और वे गंभीर रूप से घायल हो गए । राइफलमैन राणा, खतरे की परवाह किए बिना सुरंग बिछे इलाके में घुस गए, और एन० सी० ओ० का प्रथमोपचार किया और फिर अपने कंधों पर लादकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले आए । इसके बाद फौरन पास की यूनिट से सहायता प्राप्त की और घायल को नजदीकी चिकित्सा सहायता केन्द्र में पहुंचाया ।

इस कार्यवाई में राइफलमैन कृष्ण बहादुर राणा ने पहलशक्ति, साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

28. 3962863 नायब सुरेन्द्र सिंह,
डोगरा

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 21 मई, 1980)

21 मई, 1980 को जब एक इन्फैन्ट्री बटालियन पंजाब में उधो में कलान गांव के पास कुछ अभ्यास कर रही थी तो सिपाही सुरेन्द्र सिंह ने भारतीय वायुसेना का एक विमान नीचे गिरते हुए देखा । ये तुरंत दुर्घटना-स्थल की ओर दौड़े और वहां पहुंचकर देखा कि विमान में आग लगी हुई है और उसका मलबा चारों ओर बिखरा पड़ा है । नायक सुरेन्द्र सिंह सिपाही हल्का राम को साथ लेकर जलते हुए विमान पर चढ़े और उसकी केनोपी को तोड़कर पायलट के शरीर से बंधे फीते काटकर उसे काकपिट से बाहर निकाल लाए । दुर्भाग्यवश पायलट की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी । इसके बाद, इन दोनों ने गांव वालों की मदद लेकर घटनास्थल के चारों ओर पहरा दिया और सिविल तथा वायुसेना के अधिकारियों के वहां पहुंचने पर उसे उनके सुपुर्द किया ।

इस कार्यवाई में नायक सुरेन्द्र सिंह ने पहल शक्ति, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

29. 397618 सिपाही हल्का राम,
डोगरा

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 21 मई, 1980)

21 मई, 1980 को जब एक इन्फैन्ट्री बटालियन पंजाब में उधो के कलान गांव के पास अभ्यास कर रही थी तो सिपाही हल्का राम ने भारतीय वायुसेना का एक विमान नीचे गिरता हुआ देखा । ये तुरन्त दुर्घटनास्थल की ओर दौड़े और वहां पहुंचकर देखा कि विमान में आग लगी हुई है और उसका मलबा चारों ओर बिखरा पड़ा है । नायक सुरेन्द्र सिंह के साथ ये जलते हुए विमान पर चढ़े और उसकी केनोपी को तोड़कर पायलट के शरीर में बंधे फीते काटकर उसे काकपिट में बाहर निकाल लाए । दुर्भाग्यवश पायलट की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी । इसके बाद इन दोनों ने गांव वालों की मदद लेकर घटनास्थल के चारों ओर पहरा दिया और सिविल तथा वायुसेना के अधिकारियों के वहां पहुंचने पर उसे उनके सुपुर्द किया ।

इस कार्यवाई में सिपाही हल्का राम ने पहल शक्ति, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

30. जी० ओ० एन० वाई० ए० सहायक इंजीनियर (सिविल) सुकुमारन हरिदासन,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 30 मई, 1980)

श्री सुकुमारन हरिदासन को श्रीनगर-लेह मार्ग पर गुरेज और गुमरी के बीच 48 किलोमीटर सड़क पर बर्फ साफ करने का काम सौंपा गया था । 16 मार्च को अपने आदमियों और मशीनरी के साथ ये उस बर्फ से ढकी सड़क पर पहुंचे । उस समय भी इस क्षेत्र में काफी हिमपात, भूस्खलन और निरन्तर बर्फानी तूफान आ रहे थे और कई स्थानों पर 15 से 25 मीटर तक बर्फ जमी हुई थी । इस प्रकार खराब मौसम और कठिनाईयों के होने पर श्री हरिदासन रात-दिन काम करते रहे । इन्होंने स्वयं उपस्थित रहकर मजदूरों का मार्ग दर्शन किया और काम भी किया । इससे मजदूर जोश और निष्ठा से काम करने के लिए प्रेरित हुए और इस तरह निर्धारित समय से पहले ही केवल बहत्तर दिन में यह काम पूरा कर लिया ।

इस प्रकार श्री सुकुमारन हरिदासन ने साहस, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

31. जी-116269 सब-ओवरसियर अनापरैक्कल थामस वरगीज,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 30 मई, 1980)

सब-ओवरसीयर अनापरैक्कल थामस वरगीज को श्रीनगर-लेह मार्ग पर गुरेज और गुमरी के बीच 48 किलोमीटर सड़क पर बर्फ साफ करने का काम सौंपा गया था । इनके नेतृत्व में भेजे गए दल के पास बर्फ साफ करने की बहुत ही पुरानी मशीनें थीं । भारी हिमपात, बर्फानी तूफान और भूस्खलन के बावजूद ये विचलित नहीं हुए । अपने जीवन और सुख-सुविधा की परवाह किए बिना दिन-रात लगातार काम करते रहे । इनके कुशल नेतृत्व और प्रेरक मार्ग-दर्शन में बर्फ साफ करने का काम बहुत कम समय में पूरा हो गया ।

इस प्रकार सब-ओवरसीयर अनापरैक्कल थामस वरगीज ने दृढ़ता, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

32. 4345363 लांस नायक मटगम नोकटे,
असम

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 4 जून, 1980)

लांस नायक मटगम नोकटे मद्रास में राइफल वर्गीकरण चांदमारी क्षेत्र में सन्तरी की ड्यूटी पर तैनात थे । 4 जून, 1980 को ड्यूटी के दौरान जब इन्होंने देखा कि एक व्यक्ति संदेहास्पद रूप में रेंजों के आस-पास घूम रहा है तो इन्होंने उसे ललकारा । इस पर उस व्यक्ति ने चाकू निकाल लिया और इन्हें चाकू दिखाते हुए वहां से भागने की कोशिश करने लगा । खतरे की परवाह न करते हुए इन्होंने उसका पीछा किया और उसे दबोच लिया । दोनों में हाथापाई हुई जिसमें यद्यपि इन्हें चोटें भी आईं लेकिन उस व्यक्ति से आत्मसमर्पण कराने में ये कामयाब रहे । बाद में पता चला कि यह व्यक्ति एक कुख्यात अपराधी था, जिसने इससे पहले दो डाके डाले थे और तीन महिलाओं के गले की जंजीर खींच कर भागा था ।

इस कार्यवाई में लांस नायक मटगम नोकटे ने बड़ी पहलशक्ति, अनुकरणीय साहस और दृढ़ता का परिचय दिया ।

33 फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट जयरामन लक्ष्मी नारायणन् (14110),
फ्लाइंग (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 18 जून, 1980)

18 जून, 1980 को फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट जयरामन लक्ष्मी नारायणन एक अंधेरी रात में मिग विमान की सामान्य प्रशिक्षण उड़ान भर रहे थे । इस प्रकार के अंधेरे में उड़ानें यंत्रों के सहारे भरी जाती हैं । फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट नारायणन इसकी तरह की यह तीसरी उड़ान थी । तलवाड़ा कस्बे के ऊपर लगभग 5000 मीटर की ऊंचाई पर 60 डिग्री का कोण बनाते हुए विमान मोड़ते समय इन्हें इंजन कुछ झुकता हुआ सा दिखाई दिया । इन्होंने विमान को घुमाकर लुढ़कने से रोकने की कोशिश की तो

